No. of Printed Pages : 3

**एम.एम.डी.ई.-015**

00863

# बी.एड. विशेष शिक्षा ( बी.ई.डी.एस.ई. )

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2016

## एम.एम.डी.ई.-015 : हिन्दी में शिक्षण

*समय : 2 घंटे* | *अधिकतम अंक : 50*

***नोट :*** *इस प्रश्न पत्र में कुल* ***तीन*** *भाग हैं :* ***क, ख*** *और* ***ग***। *प्रत्येक भाग के नीचे प्रश्न हल करने संबंधी निर्देश दिए गए हैं। उन्हें ध्यान से पढ़ें।*

### भाग - क

**सभी** प्रश्नों के उत्तर दें। **सभी** के अंक **समान** हैं। **5x2=10**

1. हम अपने दैनिक जीवन में भाषा का उपयोग किन कार्यों के लिए करते हैं। उदाहरण के साथ लिखिए।

2. द्वंद्व समास को परिभाषित करते हुए किन्हीं दो सार्थक वाक्यों द्वारा द्वंद्व समास के उदाहरण प्रस्तुत करें।

3. श्रवण अभ्यास के विकास में श्रुतलेख के महत्व पर अपने विचार संक्षेप में लिखिए।

4. आलेख कैसे लिखे जाते हैं? इसके बारे में कोई दो बिन्दु सुझाइए।

5. भाषा प्रयोगशाला किसे कहते हैं? भाषा शिक्षण के संबंध में इसके कोई दो लाभ लिखिए।

## भाग - ख

**किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दें। **सभी** के अंक **समान** हैं। **4x5=20**

6. औपचारिक विद्यालयी शिक्षा के संदर्भ में पाठ्यपुस्तकों की आवश्यकता उदाहरण सहित चिन्हित करें।

7. पत्र कितने प्रकार के होते हैं? अपने मित्र को पत्र लिखें कि किस प्रकार से आपने अपने मोहल्ले में वृक्षारोपण सप्ताह मनाया?

8. भाषा शिक्षण के संदर्भ में कहानियों का महत्व बताते हुए कोई दो कहानियों के नाम लिखें जो आपने हाल ही में पढ़ी हों।

9. जीवनी का महत्व प्रतिपादित करते हुए किन्हीं दो साहित्यिक जीवनियों के नाम उनके रचनाकारों के नाम सहित लिखिए।

10. पठन शिक्षण में सस्वर वाचन के योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत करें।

## भाग - ग

11. व्यंग लेखन से आपका क्या आशय है? हरिशंकर परसाई की रचना 'चूहा और मैं' को किन आधारों पर आप व्यंग रचना के रूप में प्रतिष्ठित करेंगे? विस्तार से लिखिए। **10**

**अथवा**

मनुष्य के जीवन में पढ़ने का क्या महत्व है? विद्यार्थियों में पठन रुचि का विकास करने में अध्यापक की भूमिका पर विस्तार से अपने विचार लिखिए।

12. कहानी का वाचन करते समय किन मुख्य बिंदुओं को ध्यान में रखना आवश्यक है? 'सवा सेर गेहूँ' कहानी के रचनाकार का नाम बताते हुए इस कहानी का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए। 10

**अथवा**

चित्रकथा और कार्टून हिंदी शिक्षण को किस प्रकार से प्रभावशाली बनाते हैं? कार्टून की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डालें।

---